Need to provide stoppage of trains in Shahjahanpur Parliamentary Constituency-laid

श्री अरूण कुमार सागर **(**शाहजहाँपुर**):** मेरे संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर के अंतर्गत रेलगाड़ी संख्या 13049-1350 (डुप्लीकेट मेल), रेलगाड़ी संख्या 54377-54378 (बरेली-प्रयागराज पैसेंजर), रेल गाड़ी संख्या 54251-54252 (लखनऊ-सहारनपुर पैसेंजर), रेलगाड़ी संख्या 54075-54076 (शाहजहांपुर दिल्ली पैसेंजर) कोरोना कल से बंद पड़ी हुई हैं ।

दूसरे, तिलहर से दिल्ली आने के लिए काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस का ठहराव तिलहर रेलवे स्टेशन पर है, लेकिन सद्भावना एक्सप्रेस और अवध-आसाम एक्सप्रेस का नहीं है । जबकि तिलहर और उसके निकटवर्ती क्षेत्रों से एक बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनता और व्यापारी भाइयों का दिल्ली आवागमन होता है । इन रेलगाड़ियों के अलावा टनकपुर-सिंगरौली के बीच चलने वाली त्रिवेणी एक्सप्रेस का ठहराव भी तिलहर रेलवे स्टेशन पर दिए जाने की आवश्यकता है ।

कटरा भी क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है । इस स्टेशन पर भी रेलगाड़ी संख्या 14235-14236 (बरेली-बनारस एक्सप्रेस) का ठहराव न होने से क्षेत्रीय जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।

अतः मेरा अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र में कोरोना काल के दौरान बंद की गई रेलगाड़ियों को पुन प्रारंभ किए जाने के साथ-साथ संदर्भित रेलवे स्टेशनों पर उपरोक्त एक्सप्रेस रेल गाड़ियों का ठहराव सुनिश्चित किए जाने हेतु समुचित कार्रवाई की जाए ।